DO NOT OPEN THE BOOKLET UNTILL YOU'RE TOLD TO DO SO

A

**Time Allowed:2hrs** **Maximum Marks:300**

## INSTRUCTIONS

1. **IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET DOES NOT HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.**

2. **Please note that it is the candidate's responsibility to encode and fill in the Roll Number and Test Booklet Series A, B, C or D carefully and without any omission or discrepancy at the appropriate places in the OMR Answer Sheet. Any omission/discrepancy will render the Answer Sheet liable for rejection.**
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside.
   *DO NOT* write anything else on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **120** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose *ONLY ONE* response for each item.
5. You have to mark all your responses *ONLY* on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. ***All*** items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator *only the Answer Sheet.* You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.

10. **Penalty for wrong answers :**
    **THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THEOBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.**
    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.
    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

**1.** The administration of the **Contingency Fund of India** is vested with which one of the following authorities?
(a) Secretary to the Department of Economic Affairs on behalf of the President
(b) Secretary to the Department of Revenue on behalf of the Parliament
(c) Secretary to the Department of Economic Affairs on behalf of the Parliament
(d) Secretary to the Department of Revenue on behalf of the President

**2.** Which of the following statements are correct if **Rajya Sabha declares that it is necessary in the national interest that Parliament should make laws with respect to Subjects in the state list?**

1. The resolution must be supported by two-thirds of the members present and voting
2. The resolution remains in force for a maximum period of six months
3. A law enacted under it lapses immediately after the expiry of the resolution
4. State Legislatures can make laws on the same subject while the resolution is in force

Select the correct answer using the code given below:
(a) 1, 2 and 3 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

**3.** Consider the following:

1. All-India Services
2. National Human Rights Commission (NHRC)
3. NITI Aayog
4. North-Eastern Council

How many of the above are **extra-constitutional devices** to promote cooperation and coordination between the Centre and the States in India?
(a) Only one
(b) Only two
(c) Only three
(d) All four

**4.** Which of the following are the basis for the **allocation of funds between the Central and the State Governments** according to the **15th Finance Commission of India**?

1. Income distance
2. Demographic performance
3. Fiscal discipline
4. Tax effort

Select the correct answer using the code given below:
(a) 1, 2 and 3 only
(b) 1, 2 and 4 only
(c) 3 and 4 only
(d) 2 and 3 only

**5.** Which of the following are the **objectives of the Panchayati Raj System** in India?

1. Democratic decentralisation
2. Ensuring social justice and economic development
3. Financial empowerment of gram panchayats
4. Strengthening political leadership at the grassroots levels

Select the correct answer using the code given below:
(a) 1, 2 and 3 only
(b) 3 and 4 only
(c) 1, 2 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

**1.** भारत की **आकस्मिक निधि** का संचालन निम्नलिखित में से किस प्राधिकारी के पास निहित है?

(क) आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव, राष्ट्रपति की ओर से

(ख) राजस्व विभाग के सचिव, संसद की ओर से

(ग) आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव, संसद की ओर से

(घ) राजस्व विभाग के सचिव, राष्ट्रपति की ओर से

**2.** यदि **राज्य सभा** यह घोषणा करती है कि राष्ट्रीय हित में संसद को **वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.)** से संबंधित कानून बनाने चाहिए, तो निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. यह प्रस्ताव उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के दो-तिहाई बहुमत से पारित होना चाहिए
2. यह प्रस्ताव अधिकतम छह माह तक प्रभावी रहता है
3. इसके अधीन बनाए गए कानून प्रस्ताव की अवधि समाप्त होते ही समाप्त हो जाते हैं
4. प्रस्ताव के प्रभावी रहने के दौरान राज्य विधानसभाएँ भी उसी विषय पर कानून बना सकती हैं

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए:

(क) केवल 1, 2 और 3

(ख) केवल 2 और 3

(ग) केवल 1 और 4

(घ) 1, 2, 3 और 4

**3.** निम्नलिखित पर विचार कीजिए:

1. अखिल भारतीय सेवाएँ
2. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग
3. नीति आयोग
4. उत्तर-पूर्वी परिषद

उपरोक्त में से कितने ऐसे उपकरण हैं जो भारत में केंद्र और राज्यों के बीच **सहयोग एवं समन्वय** को बढ़ावा देने के लिए **अतिरिक्त-संवैधानिक साधन** हैं?

(क) केवल एक

(ख) केवल दो

(ग) केवल तीन

(घ) सभी चार

**4.** भारत के **पंद्रहवें वित्त आयोग** के अनुसार केंद्र और राज्य सरकारों के बीच निधियों के **आवंटन का आधार** निम्नलिखित में से कौन-से हैं?

1. आय दूरी
2. जनसांख्यिकीय प्रदर्शन
3. वित्तीय अनुशासन
4. कर प्रयास

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए:

(क) केवल 1, 2 और 3

(ख) केवल 1, 2 और 4

(ग) केवल 3 और 4

(घ) केवल 2 और 3

**5.** भारत में **पंचायती राज प्रणाली** के उद्देश्य निम्नलिखित में से कौन-से हैं?

1. लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण
2. सामाजिक न्याय और आर्थिक विकास सुनिश्चित करना
3. ग्राम पंचायतों का वित्तीय सशक्तिकरण
4. जमीनी स्तर पर राजनीतिक नेतृत्व को सशक्त बनाना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए:

(क) केवल 1, 2 और 3

(ख) केवल 3 और 4

(ग) केवल 1, 2 और 4

(घ) 1, 2, 3 और 4

VYASA IAS

**6.** With reference to the **73rd Constitutional Amendment Act, 1992**, consider the following statements:

1. The chairperson of a Panchayat at the village level is always elected through an indirect election.
2. A Panchayat reconstituted after premature dissolution remains in office only for the remainder of the period.
3. The State Legislature is authorised to make provisions for reservation of seats in Panchayats in favour of backward classes.

Which of the statements given above are correct?
(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

**7.** In the context of **methods of election in India**, consider the following statements regarding the **First Past The Post System**:

1. The Indian Constitution has prescribed the First Past The Post System method of election to the Lok Sabha and the Rajya Sabha.
2. In this system the candidate needs to get more than 50 percent votes to get elected.

Which of the statements given above is/are correct?
(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

**8.** Which of the following are the **federal features of the Indian Constitution**?

1. Dual Polity
2. Integrated Judiciary
3. Bicameralism
4. Written Constitution

Select the correct answer using the code given below:
(a) 1, 2 and 3 only
(b) 2 and 4 only
(c) 1, 3 and 4 only
(d) 1 and 3 only

**9.** Under the **Constitution of India**, which of the following **rights and privileges are conferred on the citizens of India and denied to aliens?**

1. Right against discrimination on grounds of religion, race, caste, sex, or place of birth
2. Right to freedom of speech and expression, assembly, association, movement, residence, and profession
3. Right to serve as a judge in the higher judiciary
4. Right to contest for membership of the Parliament and the State Legislature

Select the correct answer using the code given below:
(a) 2 and 3 only
(b) 2 and 4 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2, 3 and 4

**10.** Which of the following statements are correct regarding the **Fundamental Duties** as given in the Constitution of India?

1. They were added by the 42nd Constitutional Amendment Act, 1976.
2. They are enforceable by law.
3. They apply only to citizens of India.
4. The Parliament can prescribe penalties for their violation.

Select the correct answer using the code given below:
(a) 1, 2 and 3 only
(b) 1, 3 and 4 only
(c) 2, 3 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

VYASA IAS

**6.** भारत के **73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992** के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. ग्राम स्तर पर पंचायत के अध्यक्ष का चुनाव सदैव अप्रत्यक्ष रूप से किया जाता है।

2. समयपूर्व विघटन के बाद पुनर्गठित पंचायत शेष अवधि के लिए ही पद पर बनी रहती है।

3. राज्य विधानमंडल को पिछड़े वर्गों के पक्ष में पंचायतों में सीटों के आरक्षण का प्रावधान करने का अधिकार है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए:

(क) केवल 1 और 2
(ख) केवल 2 और 3
(ग) केवल 1 और 3
(घ) 1, 2 और 3

**7.** भारत में **निर्वाचन की विधियों** के संदर्भ में, **सर्वाधिक मत प्राप्त करने की प्रणाली (फ़र्स्ट पास्ट द पोस्ट सिस्टम)** से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. भारतीय संविधान ने लोकसभा और राज्यसभा के चुनाव के लिए सर्वाधिक मत प्राप्त करने की प्रणाली निर्धारित की है।

2. इस प्रणाली में उम्मीदवार को निर्वाचित होने के लिए 50 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त करना आवश्यक होता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए:

(क) केवल 1
(ख) केवल 2
(ग) 1 और 2 दोनों
(घ) न तो 1 न ही 2

**8.** निम्नलिखित में से कौन-से भारतीय संविधान की **संघात्मक विशेषताएँ** हैं?

1. द्वैध शासन व्यवस्था

2. एकीकृत न्यायपालिका

3. द्विसदनीय व्यवस्था

4. लिखित संविधान

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए:

(क) केवल 1, 2 और 3
(ख) केवल 2 और 4
(ग) केवल 1, 3 और 4
(घ) केवल 1 और 3

**9.** भारत के संविधान के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-से **अधिकार और विशेषाधिकार** भारतीय नागरिकों को प्रदान किए गए हैं, परंतु विदेशियों को नहीं?

1. धर्म, जाति, लिंग, जन्मस्थान या मूल के आधार पर भेदभाव के विरुद्ध अधिकार

2. वाणी, अभिव्यक्ति, सभा, संघ, संचलन, निवास और व्यवसाय की स्वतंत्रता का अधिकार

3. उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीश के रूप में सेवा करने का अधिकार

4. संसद और राज्य विधानमंडल की सदस्यता हेतु चुनाव लड़ने का अधिकार

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए:

(क) केवल 2 और 3
(ख) केवल 2 और 4
(ग) केवल 1 और 3
(घ) 1, 2, 3 और 4

**10.** भारत के संविधान में दिए गए **मौलिक कर्तव्यों** के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. इन्हें 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा जोड़ा गया था।

2. ये विधि द्वारा बाध्यकारी हैं।

3. ये केवल भारतीय नागरिकों पर लागू होते हैं।

4. संसद इनके उल्लंघन पर दंड का प्रावधान कर सकती है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए:

(क) केवल 1, 2 और 3
(ख) केवल 1, 3 और 4
(ग) केवल 2, 3 और 4
(घ) 1, 2, 3 और 4

VYASA IAS

**11.** Consider the following statements about the **Nataraja sculpture** of the Chola period:

1. It depicts Shiva as the cosmic dancer performing *Ananda Tandava.*
2. The circle of flames around Nataraja represents the cosmic cycle of creation and destruction.
3. It was originally cast in sandstone.

Which of the above is/are correct?
(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

**12.** The **Sangam literature** of ancient Tamilakam was primarily composed in:
(a) Pali
(b) Sanskrit
(c) Prakrit
(d) Tamil

**13.** Which one of the following inscriptions mentions **Ashoka's policy of Dhamma** most explicitly?
(a) Rock Edict XIII
(b) Minor Rock Edict I
(c) Pillar Edict VII
(d) Kalinga Edict I

**14.** The term **"Zawabit"** in the Delhi Sultanate referred to:
(a) Market regulations
(b) Royal decrees issued by the Sultan
(c) Land revenue assessments
(d) Religious injunctions

**15.** Consider the following pairs:

| **Newspaper** | **Founder** |
|---|---|
| 1. The Kesari | Lala Lajpat Rai |
| 2. The Hindoo Patriot | Harish Chandra Mukherjee |
| 3. Young India | Mahatma Gandhi |

| Which of the pairs are correctly matched? | |
|---|---|
| (a) 1 and 2 only | |
| (b) 2 and 3 only | |
| (c) 1 and 3 only | |
| (d) All of the above | |

**16.** The **Vernacular Press Act, 1878** was introduced during the tenure of:
(a) Lord Ripon
(b) Lord Lytton
(c) Lord Curzon
(d) Lord Canning

**17.** Assertion (A): The **Permanent Settlement** led to the emergence of a class of absentee landlords.
Reason (R): The zamindars were assured of ownership rights irrespective of their efficiency in revenue collection.
(a) Both A and R are true and R is the correct explanation of A
(b) Both A and R are true but R is not the correct explanation of A
(c) A is true but R is false
(d) A is false but R is true

**18.** The **Swadeshi Movement** following the partition of Bengal (1905) led to:
(a) Formation of Indian National Congress
(b) Establishment of National Council of Education
(c) Resignation of Lord Curzon
(d) Annulment of the Partition in 1908

**19.** The **Simon Commission (1927)** did not have any Indian member because:
(a) It was meant only for British experts
(b) The Government of India Act 1919 prohibited Indian representation
(c) The British government ignored Indian political opinion
(d) Indians boycotted it before its formation

VYASA IAS

**11.** चोल काल की **नटराज मूर्ति** के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह शिव को **आनंद तांडव** करते हुए **सृष्टि के नर्तक** के रूप में प्रदर्शित करती है।
2. नटराज के चारों ओर की **अग्नि-माला** सृष्टि और विनाश के **ब्रह्मांडीय चक्र** का प्रतीक है।
3. यह मूर्ति मूल रूप से **बलुआ पत्थर** में ढाली गई थी।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए:

(क) केवल 1 और 2

(ख) केवल 2 और 3

(ग) केवल 1 और 3

(घ) 1, 2 और 3

**12.** प्राचीन **तमिलकम** का **संगम साहित्य** मुख्यतः किस भाषा में रचित था?

(क) पाली

(ख) संस्कृत

(ग) प्राकृत

(घ) तमिल

**13.** निम्नलिखित में से कौन-सा शिलालेख **अशोक के धम्म नीति** का सर्वाधिक स्पष्ट उल्लेख करता है?

(क) शिला लेख XIII

(ख) लघु शिला लेख I

(ग) स्तंभ लेख VII

(घ) कलिंग लेख I

**14.** दिल्ली सल्तनत के संदर्भ में **"जवाबित"** शब्द का अर्थ था:

(क) बाजार नियमावली

(ख) सुल्तान द्वारा जारी राजाज्ञाएँ

(ग) भूमि राजस्व मूल्यांकन

(घ) धार्मिक आदेश

**15.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

समाचार पत्र — संस्थापक

1. केसरी — लाला लाजपत राय
2. हिंदू पेट्रियट — हरीशचंद्र मुखर्जी
3. यंग इंडिया — महात्मा गांधी

उपरोक्त में से कौन-से युग्म सही सुमेलित हैं?

(क) केवल 1 और 2

(ख) केवल 2 और 3

(ग) केवल 1 और 3

(घ) उपरोक्त सभी

**16. भाषाई प्रेस अधिनियम, 1878** (वर्नाक्युलर प्रेस एक्ट) किसके शासनकाल में लागू किया गया था?

(क) लॉर्ड रिपन

(ख) लॉर्ड लिटन

(ग) लॉर्ड कर्जन

(घ) लॉर्ड कैनिंग

**17.** कथन (A): **स्थायी बंदोबस्त** से **गैर-हाजिर जमींदारों** का एक वर्ग उत्पन्न हुआ।

कारण (R): जमींदारों को उनकी **राजस्व संग्रह क्षमता** से स्वतंत्र होकर **स्वामित्व अधिकार** की गारंटी दी गई थी।

(क) A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या है

(ख) A और R दोनों सत्य हैं, परंतु R, A की सही व्याख्या नहीं है

(ग) A सत्य है, परंतु R असत्य है

(घ) A असत्य है, परंतु R सत्य है

**18.** बंगाल विभाजन (1905) के बाद आरंभ हुए **स्वदेशी आंदोलन** के परिणामस्वरूप निम्नलिखित में से क्या हुआ?

(क) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का गठन

(ख) **राष्ट्रीय शिक्षा परिषद** की स्थापना

(ग) लॉर्ड कर्जन का इस्तीफ़ा

(घ) 1908 में विभाजन का निरसन

**19. साइमन आयोग (1927)** में कोई भी भारतीय सदस्य शामिल नहीं था क्योंकि —

(क) यह केवल ब्रिटिश विशेषज्ञों के लिए बनाया गया था

(ख) भारत सरकार अधिनियम 1919 ने भारतीय प्रतिनिधित्व पर रोक लगाई थी

(ग) ब्रिटिश सरकार ने भारतीय राजनीतिक मत को नज़रअंदाज़ किया था

(घ) भारतीयों ने इसके गठन से पूर्व ही इसका बहिष्कार कर दिया था

VYASA IAS

**20.** Which of the following leaders was **not associated with the Khilafat Movement (1919–1924)?**
(a) Maulana Abul Kalam Azad
(b) Ali Brothers
(c) Annie Besant
(d) Mahatma Gandhi

**21.** The **2025 Nobel Peace Prize** was awarded to **María Corina Machado** of Venezuela for:
(a) Her contributions to environmental science in Latin America
(b) Her work in promoting digital innovation and artificial intelligence
(c) Her courageous efforts towards a peaceful democratic transition in Venezuela
(d) Her role in brokering a major cease-fire in the Middle East

**22.** The **2025 Sahitya Akademi Yuva Puraskar** in English category was awarded to:
(a) Arundhati Subramaniam
(b) Avni Doshi
(c) Prarthana Banerjee
(d) Meena Kandasamy

**23.** Arrange the following historical developments in **Indian industrial relations** in chronological order:

1. Enactment of the Trade Unions Act recognizing collective bargaining rights
2. Introduction of compulsory arbitration mechanisms in the 1970s
3. Emergence of the Gandhian trusteeship model influencing early union strategies
4. Post-1991 shift towards labour codes consolidating outdated acts for ease of business.

Codes:
(a) 3–1–2–4
(b) 1–3–4–2
(c) 2–1–3–4
(d) 4–2–1–3

**24.** *Case Study:* A textile mill in Tamil Nadu, employing 1,200 workers, faces a deadlock over the introduction of fixed-term contracts for seasonal production peaks. The dominant union (with 68% membership) demands permanent absorption after two years, citing exploitation risks, while the employer invokes competitiveness in global markets. Negotiations stall, leading to a reference under the Industrial Disputes Act, where the union pushes for integrative solutions like skill upgrades tied to performance bonuses.
This scenario highlights which primary bargaining strategy advocated by the union, and under which perspective of industrial relations would it align most closely?
(a) Distributive bargaining under the Unitary perspective
(b) Integrative bargaining under the Pluralist perspective
(c) Concession bargaining under the Marxist perspective
(d) Attitudinal structuring under the Gandhian perspective

**25.** The **"Giri Approach"** to industrial relations in India, as propounded by **V.V. Giri**, primarily emphasizes which of the following principles?
(a) Promotion of voluntary and mutual negotiation between employers and employees instead of state-imposed adjudication
(b) Reliance on compulsory adjudication by labour courts and tribunals as the main means of dispute resolution
(c) Enforcement of one-union-per-industry policy by state conciliation machinery
(d) Integration of arbitration with state control to ensure uniform industrial peace

VYASA IAS

**20.** निम्नलिखित में से कौन-से नेता **खिलाफत आंदोलन (1919–1924)** से संबंधित नहीं थे?

(क) मौलाना अबुल कलाम आज़ाद

(ख) अली बंधु

(ग) एनी बेसेंट

(घ) महात्मा गांधी

**21. 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार** वेनेज़ुएला की **मारिया कोरीना माचाडो** को निम्नलिखित में से किस कारण से प्रदान किया गया?

(क) लैटिन अमेरिका में पर्यावरण विज्ञान में उनके योगदान के लिए

(ख) डिजिटल नवाचार और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में उनके कार्य के लिए

(ग) वेनेज़ुएला में शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक परिवर्तन के लिए उनके साहसिक प्रयासों के लिए

(घ) मध्य पूर्व में एक बड़े युद्धविराम की मध्यस्थता में उनकी भूमिका के लिए

**22. 2025 का साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार (अंग्रेज़ी वर्ग)** किसे प्रदान किया गया?

(क) अरुंधति सुब्रमण्यम

(ख) अवनि दोशी

(ग) प्रार्थना बनर्जी

(घ) मीनाक्षी कंदसामी

**23.** भारत में औद्योगिक संबंधों के ऐतिहासिक विकास को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए:

1. सामूहिक सौदेबाजी अधिकारों को मान्यता देने वाले **ट्रेड यूनियनों अधिनियम** का प्रवर्तन
2. 1970 के दशक में **अनिवार्य मध्यस्थता प्रणाली** की शुरुआत
3. प्रारंभिक यूनियन रणनीतियों को प्रभावित करने वाले **गांधीवादी ट्रस्टीशिप मॉडल** का उदय
4. 1991 के बाद **श्रम संहिताओं** की दिशा में पुरानी अधिनियमों के एकीकरण का रुझान

सही क्रम चुनिए:

(क) 3–1–2–4

(ख) 1–3–4–2

(ग) 2–1–3–4

(घ) 4–2–1–3

**24.** अध्ययन मामला:

तमिलनाडु की एक **वस्त्र मिल** जिसमें 1,200 श्रमिक कार्यरत हैं, मौसमी उत्पादन वृद्धि के लिए **नियत-अवधि अनुबंधों** की शुरुआत पर गतिरोध का सामना कर रही है। प्रमुख यूनियन (68% सदस्यता वाली) दो वर्ष बाद स्थायी नियुक्ति की मांग करती है, जबकि नियोक्ता **वैश्विक प्रतिस्पर्धा** का हवाला देता है। वार्ता विफल होती है और मामला **औद्योगिक विवाद अधिनियम** के अंतर्गत भेजा जाता है। यूनियन **कौशल उन्नयन और प्रदर्शन आधारित बोनस** जैसे समग्र समाधान का आग्रह करती है।

यह परिदृश्य यूनियन द्वारा अपनाई गई किस **मुख्य सौदेबाजी रणनीति** और **औद्योगिक संबंधों के किस दृष्टिकोण** से संबंधित है?

(क) एकात्मक दृष्टिकोण के अंतर्गत **वितरणात्मक सौदेबाजी**

(ख) बहुवादी दृष्टिकोण के अंतर्गत **समेकित सौदेबाजी**

(ग) मार्क्सवादी दृष्टिकोण के अंतर्गत **रियायती सौदेबाजी**

(घ) गांधीवादी दृष्टिकोण के अंतर्गत **मानसिक संरचना सौदेबाजी**

**25.** भारत में वी. वी. गिरी द्वारा प्रतिपादित **"गिरी दृष्टिकोण"** का मुख्य सिद्धांत निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(क) नियोक्ता और श्रमिकों के बीच **स्वैच्छिक एवं पारस्परिक वार्ता** को राज्य-निर्धारित निर्णय प्रक्रिया की बजाय बढ़ावा देना

(ख) विवाद समाधान के लिए **श्रम न्यायालयों और अधिकरणों द्वारा अनिवार्य निर्णय** पर निर्भर रहना

(ग) राज्य सुलह तंत्र द्वारा **प्रत्येक उद्योग में एक यूनियन नीति** लागू करना

(घ) औद्योगिक शांति बनाए रखने के लिए **राज्य नियंत्रण के साथ मध्यस्थता का एकीकरण** करना

VYASA IAS

**26.** Match **List–I** with **List–II** regarding **Approaches to Industrial Relations:**

| **List–I (Approach)** | **List–II (Key Insight)** |
|---|---|
| A. Sociological Approach | 1. Conflicts stem from perceptual differences and stereotypes, addressable through trust-building |
| B. Psychological Approach | 2. Job regulation via internal rules and external collective agreements, with bargaining central to resolving r = f(b) |
| C. Socio–Ethical Approach | 3. Social factors like urbanization and gender dynamics influence worker behavior and disputes |
| D. Oxford Approach | 4. Emphasizes ethical treatment, social responsibility, and inclusive decision-making for worker dignity |

Codes:
(a) A–3, B–1, C–4, D–2
(b) A–1, B–3, C–2, D–4
(c) A–4, B–2, C–1, D–3
(d) A–2, B–4, C–3, D–1

**27.** In the context of the **Second National Commission on Labour (2002)** and its vision for modern industrial relations in India, consider the following statements:

1. The Commission viewed the State's primary role as ensuring labour market flexibility by gradually replacing protective labour legislation with enterprise-specific arrangements, while retaining only core welfare provisions.
2. It emphasized that industrial peace should primarily emerge from self-regulatory institutions of employers and workers, with the State acting only as a watchful facilitator rather than an adjudicator.
3. The Commission recommended that vocational skill development and retraining be embedded within enterprise functioning, with public institutions playing a catalytic—not dominant—role.
4. The Commission proposed that India's representation at international labour forums should remain balanced, reflecting commitments to both competitiveness and labour standards.

Which of the statements given above correctly reflect the Commission's approach?
(a) 1 and 2 only
(b) 2, 3 and 4 only
(c) 1, 3 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

**28.** With reference to **India's engagement with the International Labour Organization (ILO)**, consider the following statements:

1. Though India supports the principles of freedom of association and collective bargaining, it has not ratified both Convention No. 87 and Convention No. 98.
2. The tripartite character of the ILO ensures equal representation of governments, employers, and workers in its policy-making organs.
3. India, being a founding member of the ILO, continues to hold permanent representation on its Governing Body.
4. Ratification of an ILO convention obliges a member state to align its national laws with the convention's provisions, and automatically amend those laws.

Which of the statements given above are correct?
(a) 1, 2 and 4 only
(b) 1 and 2 only
(c) 1, 3 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

VYASA IAS

**26.** औद्योगिक संबंधों के **दृष्टिकोणों (Approaches)** के संदर्भ में सूची–I का सूची–II से मिलान कीजिए:

| **सूची–I (दृष्टिकोण)** | **सूची–II (मुख्य अंतर्दृष्टि)** |
|---|---|
| A. समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण | 3. नगरीकरण और लैंगिक गतिशीलता जैसे सामाजिक कारक श्रमिक व्यवहार और विवादों को प्रभावित करते हैं |
| B. मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण | 1. मतभेद और पूर्वाग्रह से उत्पन्न संघर्षों को विश्वास निर्माण के माध्यम से सुलझाया जा सकता है |
| C. सामाजिक–नैतिक दृष्टिकोण | 4. नैतिक व्यवहार, सामाजिक उत्तरदायित्व और श्रमिक गरिमा हेतु समावेशी निर्णय प्रक्रिया पर बल देता है |
| D. ऑक्सफोर्ड दृष्टिकोण | 2. आंतरिक नियमों और बाहरी सामूहिक समझौतों द्वारा रोजगार का विनियमन; सौदेबाजी को केंद्रीय साधन मानता है |

सही कूट चुनिए:

(क) A–3, B–1, C–4, D–2
(ख) A–1, B–3, C–2, D–4
(ग) A–4, B–2, C–1, D–3
(घ) A–2, B–4, C–3, D–1

**27. द्वितीय राष्ट्रीय श्रम आयोग (2002)** और भारत में आधुनिक औद्योगिक संबंधों के उसके दृष्टिकोण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. आयोग ने राज्य की प्राथमिक भूमिका को श्रम बाजार में लचीलापन सुनिश्चित करने के रूप में देखा, जिसमें रक्षणात्मक श्रम कानूनों को धीरे-धीरे उद्यम-विशिष्ट व्यवस्थाओं से प्रतिस्थापित करना और केवल मूल कल्याण प्रावधान बनाए रखना शामिल था।
2. आयोग ने बल दिया कि औद्योगिक शांति का उद्भव मुख्यतः नियोक्ताओं और श्रमिकों की **स्व-नियामक संस्थाओं** से होना चाहिए, जबकि राज्य केवल एक **सतर्क सुगमकर्ता (facilitator)** की भूमिका निभाए।
3. आयोग ने अनुशंसा की कि **व्यावसायिक कौशल विकास और पुनःप्रशिक्षण** को उद्यमों के संचालन में समाहित किया जाए, जबकि सार्वजनिक संस्थान केवल **प्रेरक (catalytic)** भूमिका निभाएँ।
4. आयोग ने कहा कि भारत का अंतरराष्ट्रीय श्रम मंचों पर प्रतिनिधित्व प्रतिस्पर्धा और श्रम मानकों — दोनों के प्रति संतुलित प्रतिबद्धता को दर्शाना चाहिए।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए:

(क) केवल 1 और 2
(ख) केवल 2, 3 और 4
(ग) केवल 1, 3 और 4
(घ) 1, 2, 3 और 4

**28.** भारत की **अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ)** के साथ भागीदारी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. भारत **संघ बनाने की स्वतंत्रता** और **सामूहिक सौदेबाजी** के सिद्धांतों का समर्थन करता है, परंतु उसने **संधि सं. 87 और 98** दोनों का अनुसमर्थन नहीं किया है।
2. आईएलओ की **त्रिपक्षीय संरचना** सरकारों, नियोक्ताओं और श्रमिकों को नीति निर्माण संस्थाओं में समान प्रतिनिधित्व देती है।
3. भारत, आईएलओ का **संस्थापक सदस्य** होने के नाते इसके **शासी निकाय (Governing Body)** में स्थायी प्रतिनिधित्व रखता है।
4. किसी संधि के अनुसमर्थन पर सदस्य राष्ट्र को अपने राष्ट्रीय कानूनों को उस संधि के प्रावधानों के अनुरूप बनाना आवश्यक होता है, और ये कानून स्वतः संशोधित हो जाते हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिए:

(क) केवल 1, 2 और 4
(ख) केवल 1 और 2
(ग) केवल 1, 3 और 4
(घ) 1, 2, 3 और 4

VYASA IAS

**29.** A boat covered a distance of 15 km upstream in 5 hours and 42 km downstream in 6 hours. The speed of stream is:
(a) 5 km/h
(b) 2 km/h
(c) 3 km/h
(d) 7 km/h

**30.** Two kinds of rice, the first costing ₹65 per kg and the second ₹95 per kg, are mixed together. Find the ratio in which the two types are mixed so that the mixture costs ₹83 per kg.
(a) 2 : 3
(b) 11 : 19
(c) 10 : 17
(d) 4 : 7

**31.** If $29^{41} + 37^{41}$ is divided by 33, then the remainder is:
(a) 1
(b) 3
(c) 0
(d) 2

**32.** The perimeter of a square is half the perimeter of a rectangle. The perimeter of the square is 40 m. If its breadth is two-thirds of its length, then what is the area of the rectangle?
(a) 368 $m^2$
(b) 384 $m^2$
(c) 416 $m^2$
(d) 396 $m^2$

**33.** A can complete a work in 20 days, while B can complete the same work in 25 days. Both worked together for 10 days, and then C alone completed the work in 10 days. In how many days will A, B, and C together complete the same work?
(a) 10
(b) 12
(c) 8
(d) 9

**34.** A person covered 50% of a certain distance at 2 km/h, 25% of the distance at 4 km/h, and the remaining distance at 8 km/h. His average speed for the entire journey was:
(a) 3 km/h
(b) 32/11 km/h
(c) 3.2 km/h
(d) 35/13 km/h

**35.** In an examination, Rashmi Singh scored 84 out of 90 in Mathematics, 45 out of 50 in Science, 23 out of 25 in Computer Science, and 68 out of 80 in English. In which subject did Rashmi Singh score the highest percentage?
(a) Mathematics
(b) Science
(c) Computer Science
(d) English

**36.** On a certain item, profit is 120%. If the cost price increases by 10%, then what will be the new profit margin (%) if the selling price remains the same?
(a) 90%
(b) 150%
(c) 100%
(d) 110%

**37.** Anushka's younger brother is 12 years old. If the ratio of Anushka's age to that of her brother is 7 : 6, then what will be the ratio of Anushka's to her brother's age 6 years hence?
(a) 11 : 9
(b) 9 : 13
(c) 10 : 9
(d) 4 : 3

**38.** The largest three-digit number that is exactly divisible by 6, 7, and 8 is:
(a) 999
(b) 972
(c) 870
(d) 840

**39.** In a race of 200 meters, A beats B by 5 seconds or 40 meters. What is the speed of A?
(a) 8 m/s
(b) 10 m/s
(c) 40/3 m/s
(d) 12.5 m/s

**40.** Which statement about **IPv6** is incorrect?
(a) It uses 128-bit addresses
(b) It supports auto-configuration
(c) It uses a checksum field in its header
(d) It eliminates broadcast addressing

VYASA IAS

**29.** एक नाव ने 15 किलोमीटर की दूरी **धारा के विपरीत** 5 घंटे में तथा 42 किलोमीटर की दूरी **धारा के साथ** 6 घंटे में तय की। **धारा की गति क्या है?**
(क) 5 किमी/घं
(ख) 2 किमी/घं
(ग) 3 किमी/घं
(घ) 7 किमी/घं

**30.** दो प्रकार के चावल, पहला ₹65 प्रति किलोग्राम तथा दूसरा ₹95 प्रति किलोग्राम की दर से हैं। इन्हें किस अनुपात में मिलाया जाए ताकि मिश्रण की कीमत ₹83 प्रति किलोग्राम हो?
(क) 2 : 3
(ख) 11 : 19
(ग) 10 : 17
(घ) 4 : 7

**31.** यदि $29^{41} + 37^{41}$को 33 से विभाजित किया जाए, तो **शेषफल** क्या होगा?
(क) 1
(ख) 3
(ग) 0
(घ) 2

**32.** एक वर्ग की परिमाप किसी आयत की परिमाप की आधी है। वर्ग की परिमाप 40 मीटर है। यदि आयत की चौड़ाई उसकी लंबाई की दो-तिहाई है, तो आयत का क्षेत्रफल क्या होगा?
(क) 368 वर्ग मीटर
(ख) 384 वर्ग मीटर
(ग) 416 वर्ग मीटर
(घ) 396 वर्ग मीटर

**33.** A कोई कार्य 20 दिनों में पूरा कर सकता है, जबकि B वही कार्य 25 दिनों में कर सकता है। दोनों ने मिलकर 10 दिन कार्य किया और फिर C ने अकेले 10 दिन में कार्य पूरा किया। तीनों (A, B और C) मिलकर वही कार्य कितने दिनों में पूरा करेंगे?
(क) 10 दिन
(ख) 12 दिन
(ग) 8 दिन
(घ) 9 दिन

**34.** किसी व्यक्ति ने एक दूरी का 50% भाग 2 किमी/घं की गति से, 25% भाग 4 किमी/घं की गति से, और शेष भाग 8 किमी/घं की गति से तय किया। पूरी यात्रा के लिए उसकी औसत गति क्या थी?
(क) 3 किमी/घं
(ख) $\frac{32}{11}$किमी/घं
(ग) 3.2 किमी/घं
(घ) $\frac{35}{13}$किमी/घं

**35.** एक परीक्षा में रश्मि सिंह ने गणित में 90 में से 84, विज्ञान में 50 में से 45, कंप्यूटर विज्ञान में 25 में से 23, और अंग्रेज़ी में 80 में से 68 अंक प्राप्त किए। रश्मि सिंह ने किस विषय में **सबसे अधिक प्रतिशत अंक** प्राप्त किए?
(क) गणित
(ख) विज्ञान
(ग) कंप्यूटर विज्ञान
(घ) अंग्रेज़ी

**36.** किसी वस्तु पर लाभ 120% है। यदि क्रय मूल्य में 10% की वृद्धि हो जाए, और विक्रय मूल्य समान रहे, तो **नया लाभ प्रतिशत** क्या होगा?
(क) 90%
(ख) 150%
(ग) 100%
(घ) 110%

**37.** अनुष्का का छोटा भाई 12 वर्ष का है। यदि अनुष्का और उसके भाई की आयु का अनुपात 7 : 6 है, तो 6 वर्ष बाद दोनों की आयु का अनुपात क्या होगा?
(क) 11 : 9
(ख) 9 : 13
(ग) 10 : 9
(घ) 4 : 3

**38.** 6, 7 और 8 से पूर्णतः विभाज्य **सबसे बड़ा तीन अंकों का संख्या** कौन-सी है?
(क) 999
(ख) 972
(ग) 870
(घ) 840

**39.** 200 मीटर की दौड़ में A, B को **5 सेकंड या 40 मीटर** से हरा देता है। A की गति क्या है?
(क) 8 मी/से
(ख) 10 मी/से
(ग) $\frac{40}{3}$मी/से
(घ) 12.5 मी/से

**40.** निम्नलिखित में से **IPv6** के बारे में कौन-सा कथन **गलत** है?
(क) यह 128-बिट पतों (addresses) का उपयोग करता है
(ख) यह स्वचालित-संरूपण  को समर्थन देता है
(ग) इसके शीर्षक (header) में चेकसम फ़ील्ड का उपयोग किया गया है
(घ) यह प्रसारण संबोधन को समाप्त करता है

VYASA IAS

**41.** Convert binary **101011** to octal.
(a) 53
(b) 63
(c) 43
(d) 51

**42.** The register that holds the address of the memory location to be accessed is:
(a) MAR
(b) MBR
(c) IR
(d) PC

**43.** The **Bottom-Up approach** is best reflected in which language?
(a) FORTRAN
(b) C
(c) C++
(d) Assembly

**44. Spam emails** primarily exploit:
(a) SMTP protocol
(b) HTTP protocol
(c) SNMP protocol
(d) POP protocol

**45.** Which of the following **translates entire code before execution**?
(a) Interpreter
(b) Compiler
(c) Loader
(d) Linker

**46.** A **linker** primarily:
(a) Converts assembly to machine code
(b) Combines object files into an executable
(c) Translates high-level code line-by-line
(d) Loads OS kernel

**47. LaTeX** is best described as:
(a) A database management system
(b) A document preparation system
(c) A programming language
(d) A spreadsheet software

**48. 1 Terabyte** equals:
(a) 1000 GB
(b) 1024 GB
(c) 100 GB
(d) 2048 GB

**49.** The letters from A to Z are numbered from 1 to 26 respectively. If **GHI = 1578** and **DEF = 912**, then what is **ABC** equal to?
(a) 178
(b) 312
(c) 246
(d) 374

**50.** In the following number series, find out the wrong number:
2, 9, 18, 29, 43, 57, 74
(a) 9
(b) 43
(c) 29
(d) 74

**51.** A family has eight members. E is the mother of F and G. A is the son-in-law of E. C is the daughter of G. D is the maternal grandfather of C. D has one son and one daughter. H is the sister-in-law of G. B is the niece of F. How is F related to A?
(a) Sister-in-law
(b) Sister
(c) Brother-in-law
(d) Brother

**52.** A watch, which loses time uniformly, was observed to be 5 minutes fast at 8.00 p.m. on Thursday. It was noticed to be 7 minutes slow at 8.00 a.m. on the subsequent Monday. When did the watch show the correct time?
(a) 7 a.m. Saturday
(b) 7 a.m. Friday
(c) 10 a.m. Sunday
(d) 11 a.m. Friday

**53.** P, Q, R, S, T, U, V, and W are sitting round a circle and facing the centre. P is second to the right of T who is the neighbour of R and V. S is not the neighbour of P. V is the neighbour of U. Q is not between S and W and W is not between U and S. Which two of the following are not neighbours?
(a) R and V
(b) U and V
(c) R and P
(d) Q and W

VYASA IAS

**41.** द्विआधारी संख्या **101011** को **अष्टाधारी (octal)** में परिवर्तित कीजिए।
(क) 53
(ख) 63
(ग) 43
(घ) 51

**42.** वह रजिस्टर जो **स्मृति स्थान** का पता संग्रहीत करता है जिसे एक्सेस किया जाना है —
(क) MAR
(ख) MBR
(ग) IR
(घ) PC

**43. नीचे से ऊपर** दृष्टिकोण का सर्वोत्तम उदाहरण किस भाषा में देखने को मिलता है?
(क) फोरट्रान
(ख) सी
(ग) सी++
(घ) असेंबली

**44. स्पैम ईमेल** मुख्य रूप से किस प्रोटोकॉल का दुरुपयोग करती हैं?
(क) एसएमटीपी प्रोटोकॉल
(ख) एचटीटीपी प्रोटोकॉल
(ग) एसएनएमपी प्रोटोकॉल
(घ) पीओपी प्रोटोकॉल

**45.** निम्नलिखित में से कौन-सा प्रोग्राम **पूरा कोड निष्पादन से पहले अनुवाद** करता है?
(क) इंटरप्रेटर
(ख) कंपाइलर
(ग) लोडर
(घ) लिंकर्स

**46.** एक **लिंकर (Linker)** मुख्य रूप से क्या करता है?
(क) असेंबली को मशीन कोड में परिवर्तित करता है
(ख) ऑब्जेक्ट फ़ाइलों को जोड़कर एक निष्पादन योग्य फ़ाइल बनाता है
(ग) उच्च स्तरीय कोड को पंक्ति-दर-पंक्ति अनुवादित करता है
(घ) ऑपरेटिंग सिस्टम के कर्नल को लोड करता है

**47. LaTeX** को सबसे उपयुक्त रूप से कैसे परिभाषित किया जा सकता है?
(क) एक डाटाबेस प्रबंधन प्रणाली
(ख) एक दस्तावेज़ तैयार करने की प्रणाली
(ग) एक प्रोग्रामिंग भाषा
(घ) एक स्प्रेडशीट सॉफ़्टवेयर

**48.** 1 **टेराबाइट** बराबर होता है —
(क) 1000 गीगाबाइट
(ख) 1024 गीगाबाइट
(ग) 100 गीगाबाइट
(घ) 2048 गीगाबाइट

**49.** A से Z तक के अक्षरों को क्रमशः 1 से 26 तक संख्या दी गई है। यदि **GHI = 1578** और **DEF = 912**, तो **ABC** का मान क्या होगा?
(क) 178
(ख) 312
(ग) 246
(घ) 374

**50.** निम्नलिखित संख्या श्रृंखला में **गलत संख्या** का पता लगाइए —
2, 9, 18, 29, 43, 57, 74
(क) —
(ख) 43
(ग) 29
(घ) 74

**51.** एक परिवार में आठ सदस्य हैं।
E, F और G की माता है।
A, E का दामाद है।
C, G की पुत्री है।
D, C का मातामह (नाना) है।
D का एक पुत्र और एक पुत्री है।
H, G की भाभी है।
B, F की भतीजी है।
तो बताइए — **F का A से क्या संबंध है?**
(क) भाभी
(ख) बहन
(ग) साला / बहनोई
(घ) भाई

**52.** एक घड़ी जो **समय समान रूप से खोती जाती है**, गुरुवार रात 8:00 बजे **5 मिनट आगे** थी। सोमवार सुबह 8:00 बजे वह **7 मिनट पीछे** पाई गई।
घड़ी ने **सही समय** कब दिखाया होगा?
(क) शनिवार सुबह 7 बजे
(ख) शुक्रवार सुबह 7 बजे
(ग) रविवार सुबह 10 बजे
(घ) शुक्रवार सुबह 11 बजे

**53.** P, Q, R, S, T, U, V और W एक वृत्त में बैठे हैं और सभी केंद्र की ओर मुख किए हुए हैं।
P, T के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है, जो R और V का पड़ोसी है।
S, P का पड़ोसी नहीं है।
V, U का पड़ोसी है।
Q, S और W के बीच नहीं है और W, U और S के बीच नहीं है।
निम्नलिखित में से कौन-से दो व्यक्ति **पड़ोसी नहीं हैं**?
(क) R और V
(ख) U और V
(ग) R और P
(घ) Q और W

**54.** Statements: Some balls are bats. No bat is a wicket.
Conclusions:
I. Some wickets are not balls.
II. All wickets being balls is a possibility.
(a) Only conclusion I follows
(b) Only conclusion II follows
(c) Either conclusion I or II follows
(d) Neither conclusion I nor II follows

**55.** Six children are playing Hide & Seek in a park and were standing at different positions such that P is 9 m towards the north of T. Q is 4 m to the west of O, who is 12 m to the east of T. U is 6 m to the south of Q. R is 3 m to the north of O. Then few of them moved and their new positions are denoted by adding (') to their respective names. P moved 5 m towards east. O moved 3 m towards east. Q moved 5 m towards north.
T is in which direction and how far from O'?
(a) 12 m, West
(b) 15 m, East
(c) 10 m, North-west
(d) 15 m, West

**56.** Which of the following persons is/are excluded from the definition of "workman" in the **Industrial Disputes Act, 1947**?

1. Persons employed mainly in a managerial or administrative capacity and drawing wages exceeding statutory threshold
2. Persons employed in a supervisory role and drawing wages exceeding statutory threshold
3. Apprentices under the Apprentices Act

Select:
(a) 1 only
(b) 1 and 2 only
(c) 3 only
(d) All three

**57.** With reference to the **Trade Unions Act, 1926**, consider the following statements regarding the **dissolution of a registered Trade Union**:

1. A registered Trade Union can be dissolved only in accordance with the procedure laid down in its rules approved at the time of registration.
2. The Registrar of Trade Unions is empowered to refuse registration of dissolution if the notice is not signed by the Secretary and at least seven members of the Union.
3. Upon registration of dissolution by the Registrar, the certificate issued in this regard shall be conclusive evidence that the Union has been lawfully dissolved.
4. The appropriate government may intervene and cancel the registration of a Union if the dissolution procedure is found to be contrary to public interest.

Which of the statements given above are correct?
(a) 1, 2 and 3 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2, 3 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

**58.** Under the **Employees' State Insurance Act, 1948**, if an employer fails to pay the contributions due to the Corporation, the Corporation may:
(a) Recover the amount only by instituting a civil suit in a civil court.
(b) Recover the amount as an arrear of land revenue and may also impose damages/penalty and proceed with prosecution as provided in the Act.
(c) Immediately imprison the employer without any prior notice or assessment.
(d) Waive the contributions without any hearing or statutory procedure.

**59.** Which of the following are grounds on which a **Labour Court** may adjudicate a dispute?

1. Unfair labour practices
2. Questions of discharge, dismissal or retrenchment of workmen
3. Wages for work done by apprentices

Select:
(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1, 2 and 3
(d) 1 only

VYASA IAS

**54.** कथन: कुछ गेंदें बल्ले हैं। कोई बल्ला विकेट नहीं है।
निष्कर्ष:
